MERCHANTS' CHAMBER OF UTTAR PRADESH ESTD. 1932

MERCHANTS CHAMBER OF UTTAR PRADESH

Regd. Office : 14/77, Civil Lines, Kanpur - 208 001
Phone : (0512) 2531306
Email : merchantschamberup@gmail.com
Website : www.merchantschamberup.com

Atul Kanodia	Abhishek Singhania	Mahendra Nath Modi
President	Vice President	Secretary
9935507040	0512-6716600	9936337580

प्रेस-विज्ञप्ति

कानपुर 11 मार्च, 23

मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की वूमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी द्वारा आज दिनांक 11 मार्च, 2023 को सायं 04:00 बजे से उन्नति लॉन, तिलक नगर, कानपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान फूलों की होली खेली गयी तथा सभी सदस्यों ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी।

इस अवसर पर चैम्बर के अध्यक्ष अतुल कानोडिया ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी इस रंगों के त्योहार पर होली मिलन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे आप लोगों की मौजूदगी ने इस रंगों के त्योहार को और भी ज्यादा खास बना दिया है, आप सभी का शुक्रिया। चैम्बर के सभी सदस्यों का सहयोग, व्यवस्थाओं में उनकी उल्लेखनीय भूमिका एवं आयोजन में उनकी उत्साहजनक भागीदारी के बिना इस समारोह को सफल नहीं किया जा सकता था, पूरी कार्यकारिणी एवं सभी सदस्यों को एक और बड़े एवं अप्रतिम आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई दी।

इस दौरान वूमेन एंटरप्रेन्योर कमेटी की चेयरपर्सन श्रीमती मानसी लोहिया एवं इवेंट चेयर श्रीमती प्रिया रहेजा ने बताया कि 18 और 19 मार्च, 2023 को उन्नति विला एंड लॉन, तिलक नगर, कानपुर में महिलाओं की व्यवसायिक्ता को प्रोत्साहित करने के लिए एक मेगा इवेंट, **बिजनेस वूमन एक्सपो "राइज़ अप 2023"** का आयोजन कर रही है। हम उभरती युवा महिला उद्यमियों को एक्सपो में नि:शुल्क बुनियादी सुविधाएं देकर इस नेक कार्य में सहयोग देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसका समर्थन करने के लिए, हम अपने सदस्यों से इस आयोजन के प्रायोजक के रूप में उदारता से जुड़ने का अनुरोध करते हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है, जहां उद्यमियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और उन्हें अपने उत्पादों या सेवाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यह कानपुर की कुछ उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए आपके उत्पादों और सेवाओं की नेटवर्किंग, बातचीत और मार्केटिंग का एक आधार होगा। यह कानपुर की महिलाओं के उत्थान का उपक्रम है, इसलिए आप सभी से अधिकतम समर्थन का स्वागत है।

इस अवसर पर सर्वश्री पूर्व अध्यक्ष बी. के. लाहोटी, डॉ. जे. एन. गुप्ता, कौंसिल मेंबर सर्वश्री सुधींद्र जैन, श्याम मेहरोत्रा ए. के. सरावगी, विजय पांडेय, डॉ. अवध दुबे, आशीष सिंह चौहान, चैम्बर के सदस्यगण सर्वश्री कमल रहेजा, संतोष गुप्ता, सुभाष चंद्र गंगवार, गुलशन धूपर, प्रेम मनोहर गुप्ता एवं महिला सदस्यों में मधु कनोडिया, रमा भार्गव, ऋचा अग्रवाल, सीमा लाहोटी, छवि जैन, शालिनी पांडेय एवं सचिव महेंद्र नाथ मोदी उपस्तिथ रहे।

CIN : U91110UP1932NPL000467 GSTIN : 09AABTM3103H1ZW